# डीबी डिजिटल मीडिया

DB NEWS
A Digital Media
खबरें ऐसी जो याद रहे

प्रिंट मीडिया पार्टनर "प्रदेश सत्ता"

■ वर्ष-01 ■ अंक-05 ■ बालोद, गुरुवार 21 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ-04 ■ मूल्य-4 रुपये


## प्रतिबंधित वन्य प्राणी / पक्षी मारने वाले निपूर्ण शिकारियों का जमानत निरस्त, 22 पक्षियों का किए थे शिकार



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।**

ताजुद्दीन आसिफ, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) बालोद (छ.ग.) के द्वारा अभियुक्तगण हेमलाल पिता परदेशी, जाति-कलार, उम्र 40 वर्ष, विजय कुमार पिता स्व. विमलकुमार, जाति-गोंड, उम्र 20 वर्ष और ईशांत कुमार पिता सोमनाथ, जाति-गोंड, उम्र 18 वर्ष, सभी निवासी मथेना, तहसील व थाना डौंडी का जमानत निरस्त किया गया।अभियोजन की ओर से प्रकरण की पैरवी सनद कुमार श्रीवास्तव, अतिरिक्त लोक अभियोजक के द्वारा किया गया, जिसके अनुसार प्रकरण में बीट ऑफिसर ढोरींठेमा को गश्त के दौरान तीन लोग काले रंग की मोटर सायकल में दो बंदूक के साथ रिजर्व फारेस्ट 122 में जाते हुए दिखे। संदेह के आधार पर उनका पीछा कर उन्हें पकड़ा गया। अभियुक्त के अधिपत्य से दो नग रायफलनुमा हथियार और एक मोटरसायकल में रखे हुए वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की अनुसूची दो में उल्लेखित 15 नग स्पाटेड डव, 3 नग यलो फूटेड ग्रीन पीगॉन, 1 ब्लैक वींग्ड काईट, 2 नग जंगल पल्म स्क्वारल तथा एक कॉमन क्वाइल, इस प्रकार कुल 22 नग शिकार हुए प्रतिबंधित पक्षी / वन्य प्राणी मृत अवस्था में जप्त किये गए। अभियुक्तगण द्वारा उक्त वन्य प्राणियों का शिकार कर उन्हें ले जाया जा रहा था। अभियुक्तगण द्वारा उनका शिकार वाणिज्यिक प्रयोजनों में किया जा रहा था। अभियुक्तगण द्वारा आरक्षित वन में शिकार करना अपराध की गंभीरता को बढ़ा देता है। अभियुक्तगण द्वारा विगत कई वर्षों से वन्य जीवों का शिकार कर उन्हें बेचकर अवैध लाभ अर्जित किया जा रहा है और अभियुक्तगण निपूर्ण शिकारी है। माननीय न्यायालय के मतानुसार यदि अभियुक्तगण को जमानत का लाभ दिया गया तो अपराध के प्रति उनका मनोबल बढ़ने की संभावना है। साथ ही समाज पर उसका विपरीत प्रभाव पड़ने की भी संभावना है। छत्तीसगढ़ वन आच्छादित राज्य है और वन्य जीवों के शिकार की प्रवृत्ति अपराधियों में बढ़ रही है। ऐसे में वन्य प्राणियों को संरक्षण किया जाना एवं अपराध को हतोत्साहित किया जाना आवश्यक है। अतः उक्त समस्त परिस्थितियों पर विचारोपरांत अभियुक्तगण हेमलाल, विजय कुमार एवं ईशांत कुमार का आवेदन माननीय न्यायालय द्वारा निरस्त किया गया।



## वनांचल ग्राम बरही पारा में स्कूली बच्चों के बीच राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने शिक्षिका पुष्पलता साहू ने की पहल

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

शा.प्रा.शाला-बरहीपारा, विकास खंड -बालोद की शिक्षिका श्रीमती पुष्पलता साहू ने राष्ट्रीय एकता के लिए विशेष प्रयास किया। छोटे से गांव में पढ़ने वाले बच्चे हमेशा सोचते थे कि हम भी रंग-बिरंगे कपड़े पहन कर अपनी कला, संस्कृति और देशभक्ति की भावना को सबके सामने प्रस्तुत करें। बच्चों की इस सपना को शिक्षिका पुष्पलता साहू ने हकीकत में बदल दिया। इसके लिए शिक्षिका साहू ने ग्राम पंचायत बरही के सरपंच महोदया श्रीमती ममता सिन्हा से निवेदन कर





माइक, बॉक्स,समयाना एवं कारपेट की व्यवस्था की। स्वयं श्रृंगार समान और साड़ी की व्यवस्था की। साथ ही शिक्षिका पुष्पलता साहू ने स्वयं के व्यय से हर घर तिरंगा रैली प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय आने वाले बच्चो को कंपास सेट एवं कापी, 25 तक पहाड़ा सुनाने वाले बच्चे को कंपास सेट एवं स्वतंत्रता दिवस की तैयारी में शाला प्रांगण की सफाई एवं क्यारी निर्माण में श्रमदान करने वाली महिलाओं को श्रीफल एवं पेन भेंट कर पुरुस्कृत किया। एवं सुचारू रूप से मंच संचालन भी किया। शिक्षिका साहू के प्रयास से बच्चे पहली बार 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रंग-बिरंगी पोशाक में अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा एवं अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। देश भक्ति गीतों, तिरंगे की लहराती पताकों और अपनी ओजस्वी कविता से शा.प्रा.शाला-बरहीपारा के बच्चे, शिक्षिका एवं गांव वाले स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया ।प्रधान पाठक चन्द्र शोभना जोसेफ मैडम जी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए बच्चों एवं शिक्षिकाओं की सराहना किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदय राम कुंजाम, विशिष्ट अतिथि श्रीमती दुलेश्वरी कुंजाम, उपाध्यक्ष गोविन्द सलाम, शिक्षाविद हेमिन ठाकुर, पंच रोहित कुंजाम एवं समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति स्वतंत्रता दिवस के पर्व को और खास बना दिया

## समाचार संक्षेप

### सरपंच, सचिव ने किया स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण, मध्याह्न भोजन का स्वाद चखा

**डीबी डिजिटल मीडिया अर्जुंदा ।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत गोड़ेला में सरपंच वागीश बंजारे और सचिव लीलाधर साहू ने बुधवार को गांव के प्राइमरी और मिडिल स्कूल पहुंचकर मध्याह्न भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान भोजन की गुणवत्ता परखने के लिए उन्होंने स्वयं बच्चों की बीच बैठकर भोजन किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में आलू मटर की सब्जी बनी हुई थी। साथ ही दाल, पापड़ और सलाद भी बच्चों को दिया गया था। भोजन की गुणवत्ता सही पाई गई। सरपंच, सचिव दोनों ने भोजन समिति, रसोइयों और शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सरपंच ने बताया कि स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन खाकर मन आनंदित हो गया। बच्चों के बीच बैठकर स्वयं का बचपन याद आ गया। इस दौरान निरीक्षण में सरपंच, सचिव सहित रोजगार सहायक महेश निषाद, ऑपरेटर चिमन साहू भी पहुंचे हुए थे।

### पीएम सूर्य घर योजना को लेकर गुरूर में बिजली विभाग का शिविर आज

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरूर।** सहायक अभियंता कार्यालय गुरुर में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजनाउद्देश्य को लेकर एक शिविर का आयोजन किया गया है । सस्ती बिजली से मुफ्त बिजली की ओर अग्रसर होने को लेकर सरकार की महत्वकांशी योजना PM सूर्यघर योजना की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु समस्त उपभोक्ता को 21अगस्त सोमवार को सुबह 12 बजे शिविर स्थान गुरूर में पहुंचने हेतु निवेदन किया गया है। ई एचके हिरवानी ने बताया शिविर में एक ही छत के नीचे ऊर्जा उपभोक्ता से सोलर प्लांट लगाकर ऊर्जा उत्पादन कर ऊर्जादाता बनने हेतु योजना से संबंधित जानकारी हेतु विभागीय अधिकारी कर्मचारी के साथ रजिस्टर्ड वेंडर एवं बैंक के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहेंगे।साथ ही सोलर प्लांट लगाने हेतु शिविर स्थल में ही पंजीकरण कराने की सुविधा रहेगी, जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज यथा बिजली बिल की कॉपी एवं आधार कार्ड की कॉपी सहित उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

### स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल 21 अगस्त को बालोद प्रवास पर रहेंगे

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद.।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल गुरूवार 21 अगस्त को बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री जायसवाल 21 अगस्त को सुबह 10 बजे शंकर नगर रायपुर स्थित शासकीय आवास से प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे विश्राम गृह बालोद पहुँचेंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल सुबह 11.45 बजे विश्राम गृह से प्रस्थान कर सुबह 11.55 बजे जिला अस्पताल बालोद पहुँचकर सीटी मशीन उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात् वे दोपहर 12.30 बजे जिला अस्पताल से प्रस्थान कर दोपहर 12.40 बजे विश्राम गृह बालोद पहुँचेंगे। श्री जायसवाल दोपहर 02 बजे विश्राम गृह बालोद से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



# दुर्ग में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा के साथ छेड़खानी और क्षतिग्रस्त करने वाले लोगों पर कार्रवाई की उठी मांग

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद/ दुर्ग।**





दुर्ग में बस स्टैंड सखी सेंटर के पास स्थापित शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा के साथ विगत दिनों अज्ञात आसामाजिक तत्वों के द्वारा छेड़खानी और क्षतिग्रस्त कर दिया गया था जिसको लेकर आदिवासी समाज में काफी आक्रोश है। इस मुद्दे को लेकर बालोद सहित दुर्ग जिले के सामाजिक लोगों ने बुधवार को मूर्ति स्थल पर धरना दिया। साथ ही जमकर नारेबाजी की और पुलिस प्रशासन से मांग की गई कि मूर्ति के साथ छेड़खानी करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान बालोद जिले से सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के जिला मीडिया प्रभारी और दुर्ग में सक्रिय सदस्य डेविड मंडावी भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कई बार इस मूर्ति के संरक्षण को लेकर हम स्थानीय शासन,प्रशासन को आवेदन दे चुके हैं। पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

पिछले दिनों कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा इस मूर्ति में तोड़फोड़ की गई थी। साथ ही इसे अपमानित करने का प्रयास किया गया था। इस शहीद वीर नारायण की मूर्ति के आसपास किसी भी तरह के आसामाजिक तत्वों का अड्डा नहीं होना चाहिए। इसके बावजूद यहां पर चखना सेंटर नजदीक में संचालित होता है। जिसके चलते शराबी तत्व के लोग भी मूर्ति के साथ छेड़खानी करते रहते हैं। जल्द से जल्द मामले में कार्रवाई होनी चाहिए वरना आगे समाज इसको लेकर आक्रोशित है और उग्र आंदोलन किया जा सकता है।

# एनएचएम कर्मचारियों आंदोलन को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन





**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के 16,000 से अधिक कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों (नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27% वेतनवृद्धि सहित) को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। आंदोलन के चलते पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। जिला बालोद में NHM कर्मचारियों द्वारा जिला मुख्यालय बालोद बस स्टैंड में तृतीय दिवस में जिला कार्यालय बीजेपी में सभी NHM संविदा कर्मचारियों द्वारा जिला अध्यक्ष बीजेपी चेमन देशमुख को ज्ञापन दिया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष खिलेश साहू, संरक्षक दिनेश खर्कवाल, उपाध्यक्ष प्रेम यादव, जिला सचिव यजेंद्र, पूर्व अध्यक्ष और संरक्षक रितेश साहू और सभी कर्मचारी उपस्थित थे।जिला भाजपा अध्यक्ष द्वारा NHM कर्मचारियों को आश्वासन दिया गया कि उनके द्वारा शासन को कर्मचारियों की मांग के संदर्भ में पत्राचार किया जाएगा। साथ ही मध्य प्रदेश और राजस्थान के NHM कर्मचारियों को नियमितीकरण और जो लाभ मिला है, उसकी छाया प्रति भी दिया गया ताकि उन राज्यों की नीति का प्रयोग कर छत्तीसगढ़ के NHM कर्मचारियों की मांग पूरी की जा सके। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी एवं प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने बताया कि कर्मचारियों ने कई बार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी जायज मांगें रखीं, लेकिन लगातार अनदेखी की गई। यहां तक कि 27% वेतनवृद्धि, मेडिकल अवकाश और ग्रेड पे पर स्वीकृति मिलने के बावजूद आदेश जारी नहीं किए गए, जिससे नाराज़ कर्मचारी अब हड़ताल पर हैं। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आगे आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी

### नवोदय विद्यालय प्रवेश 2026 से पूर्व नि:शुल्क प्री मॉक टेस्ट का आयोजन 24 अगस्त को बालोद में

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद ।** Dev yadav Online classes chhattisgarh एवं horizon academy बालोद के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 से प्रवेश परीक्षा से पूर्व Pre Mock Test का आयोजन दिनांक 24 अगस्त 2025 समय 1 बजे से किया जाना है। जिन विद्यार्थियों को Pre - Mock test परीक्षा में भाग लेनी है वे दिनांक 23 अगस्त दिन शनिवार तक दिए गए व्हाट्सप्प नंबर 9926112678, 8770068974 पर अपना नाम एवं पता व्हाट्सप्प कर निशुल्क रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। पहले से रजिस्ट्रेशन करवाए बच्चों को ही निशुल्क Pre - Mock Test परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा। परीक्षा दिनांक- 24/08/2025,दिन- रविवार,स्थान- Horizon Academy गंज पारा बालोद है



# जिला कांग्रेस भवन में मनाया गया सद्भावना दिवस, याद किया गया राजीव गांधी को

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

बालोद जिला कांग्रेस भवन में सद्भावना दिवस के तौर पर राजीव गांधी की जयंती को मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसियों ने राजीव गांधी जी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । इस किया जाएगा। विधायक संगीता सिन्हा ने राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में उन्होंने दूरदर्शी सोच और प्रगतिशील विचारों के माध्यम से देश को आधुनिक दृष्टि दी और भारत को 21वीं सदी की सोच से जोड़ा। उन्होंने पंचायती राज को मजबूत कर लोकतंत्र में




दौरान मौजूद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने राजीव गांधी को एक दूरदर्शी सोच वाले व्यक्ति के रूप में याद किया, जिन्होंने सूचना क्रांति की नींव रखकर भारत को एक नए युग की ओर अग्रसर किया. उन्होंने कहा कि पंचायती राज को मजबूती देने और युवाओं की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे उनके कार्यों को हमेशा याद अपनी गहरी आस्था को साकार किया. राजीव गांधी की जयंती को कांग्रेस हर साल सद्भावना दिवस के रूप में मनाती है. इस दिन की शुरुआत 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद 20 अगस्त 1992 को हुई थी. राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव पर विशेष जोर दिया था।

# देश के विकास में राजीव जी का योगदान सदैव अतुलनीय रहेगा: कुंवर सिंह निषाद



**डीबी डिजिटल मीडिया अर्जुंदा**

विधायक कार्यालय अर्जुंदा में विधायक कुंवर सिंह निषाद की उपस्थिति में एवं अर्जुंदा ब्लॉक के अध्यक्ष संतराम पटेल के नेतृत्व में भारत में संचार क्रांति के जनक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। विधायक ने कहा कि भारत में संचार क्रांति के जनक, देश को 21 वीं सदी में ले जाने के लिए सदैव कर्तव्यबद्ध रहे, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन एवं उनका पावन स्मरण करता हूं। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में राजीव जी ने भारत को नई दिशा देने का काम किया, लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने मतदान की आयु 18 वर्ष करना, सूचना एवं प्रौद्योगिकी क्रांति, पंचायती राज कानून राजीव जी की ही देन हैं। देश के विकास में उनका योगदान सदैव अतुलनीय रहेगा। उनका जीवन और योगदान हर पीढ़ी को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ललिता भूआर्य जनपद सदस्य, जैताराम ठाकुर जनपद सदस्य, हरिश्चंद्र चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा, हरि साहू उपाध्यक्ष, पार्षदगण अजय ठाकुर , राजू लाल देवानंद ,नुरेंद्र ठाकुर , जीवनलाल बंदे , दिलीप देशलहर , कमलेश सिन्हा , ऋषि बांडे ,सागर साहू , समारू राम टंडन , मनीष टंडन, राजू पारख, राजेश साहू , तुकपाल सिंह साहू, दिग्विजय ठेठवार सहित कांग्रेस जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में विश्व मच्छर दिवस का हुआ आयोजन



**डीबी डिजिटल मीडिया गुरूर**

जिला प्रशासन के आदेशानुसार व खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में विश्व मच्छर दिवस का आयोजन कर परजीवी जनित बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती द्वारा उपस्थित जन समुदाय को विस्तार पूर्वक चर्चा कर बताया गया जिसमें मच्छर एक वाहक है जो मलेरिया, डेंगू फाइलेरिया (हाथी पांव), चिकनगुनिया व अन्य बीमारियों को फैलाने में जिम्मेदार है इनकी अलग-अलग प्रजातियां होती है जो अलग-अलग बीमारियों के लिए जिम्मेदार है। मच्छर हमारे आसपास के वातावरण जहाँ गंदगी हो जैसे नाली में रुके हुए गंदे पानी, घरों के कूलर व अनुपयोगी चीजें जहाँ बेकार पानी भरा हो, खासकर ठहरे हुए पानी में अपने लार्वा व अंडा पैदा करते हैं ,जिनसे मच्छर पनपती है यदि संक्रमित मच्छर किसी व्यक्ति कांट ले तो उनके परजीवी मानव रुधिर में जाकर बीमारी पैदा करती है। मलेरिया बुखार खासकर कपकपि सर दर्द उल्टी होना, डेंगू में तेज बुखार सर दर्द मांसपेशियों में दर्द आंखों के पीछे दर्द उल्टी थकान व कमजोरी हाथी पांव के लक्षण सर्दी खांसी बुखार व लसिका ग्रंथि को प्रभावित करते हैं। पुरुषों के अंडकोष में सूजन व महिलाओ के स्तन में गांठ संभावित लक्षण हो सकते हैं पैरों व अन्य हिस्सों में सूजन व हाथी पांव जैसे लक्षण दिखते हैं। यदि उपरोक्त में किसी प्रकार के लक्षण दिखे तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच उपचार व परामर्श अवश्य लेने सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क उपचार की सुविधा है । सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें, गंदे पानी का निस्तारण हो। घरों के आसपास साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें ,ठहरे हुए पानी में संभव हो तो जले आईल का छिडकाव करें। जिससे कि मच्छर न पनपे। और लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें उक्त अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डी आर ठाकुर सर डॉक्टर शुभम चंद्राकर सर एवं स्टाफ केअन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे




## जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी का मनाया गया जन्मदिन

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।** जिला कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। लोगों ने उन्हें दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर उन्हें जन्मदिन की बधाई देने के लिए तांता लगा रहा।

# गांजा तस्करी के आरोपी को मिली सजा

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।** एस.एल. नवरत्न, विशेष न्यायाधीश अंतर्गत एन.डी.पी.एस., जिला-बालोद (छ.ग.) के द्वारा आरोपी राकेश राठौर उम्र-31 वर्ष, जाति-गोड़, निवासी-सिलेहगढ़, थाना-मिसरौली, तहसील-पंचपहाड़ जिला-झालावाड (राजस्थान) को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 8 (ख) सहपठित धारा-20 (b) (II) (c) के अधीन दस वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। व्यतिक्रम पर 06 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास से दण्डित किया गया। प्रकरण की पैरवी शासन की ओर से घनश्याम सिंह साहू, विशेष लोक अभियोजक (एन.डी. पी.एस.) बालोद (छ.ग.) के द्वारा किया गया। जिसके अनुसार दिनांक 28-12-2023 को मुखबिर से सूचना मिल कि एक सफेद रंग की महिन्द्रा बोलेरो वाहन क्रमांक-RJ-17-UA-2381 का चालक अपने वाहन जिसमें पीछे सीट के नीचे लोहे का गुप्त चेम्बर बना हुआ है, उक्त चेम्बर में अवैध मादक पदार्थ गांजा छिपाकर रखा हुआ हैं, जिसे कोण्डागांव की ओर से केशकाल कांकेर के रास्ते रायपुर की ओर लेकर जा रहा है की सूचना मिली । थाना पुरूर के थाना स्टॉफ ने ग्राम जगतरा दुर्गा मंदिर के पास एन.एच. 30 पहुंच कर नाकाबंदी की। करीब 6:15 बजे मुखबिर के बताये अनुसार संदिग्ध वाहन एक सफेद रंग की महिन्द्रा बोलेरो क्रमांक- RJ-17-UA-2381 का जिसे हाथ से ईशारा कर रूकवाया गया पर आरोपी द्वारा गाड़ी रोककर गाड़ी से उतरकर भागने का प्रयास कर रहे थे, जिसे स्टॉफ के घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे नाम पता पूछने पर राकेश राठौर होना एवं पीछे सीट के नीचे लोहे का गुप्त चेम्बर बना हुआ था, जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा को जगदलपुर से खरीदकर राजस्थान झालावाड़ बिक्री करने हेतु परिवहन करना बाताया। बोलेरो की तलाशी लेने पर चेम्बर के अंदर भूरे रंग के सेलो टेप से लिपटा हुआ 6 पैकेट मिला, उक्त मादक पदार्थ को तौलने पर मादक पदार्थ गांजा जैसा पदार्थ का वजन 41 किलोग्राम कीमती 5 लाख- रूपये का होना पाया गया।

# सतमरा में हुआ राज्य स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास जयंती सम्मान समारोह

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरूर**

गुरूर ब्लॉक के ग्राम सतमरा में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास जयंती सम्मान समारोह का आयोजन छत्तीसगढ़ मानस संगठन एवं ओम संत शरण अभिलाषी मानस प्रचार समिति ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी बजरंग चौक आबादी द्वारा ग्राम सतमरा में रखा गया था। जिसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं सभापति संचार संकर्म एवं निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर थे। अध्यक्षता डॉ दानी राम साहू हड्डी रोग विशेषज्ञ भूसरेगा ने की। विशेष अतिथि डॉ रोहित साहू जिला संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ बालोद, डॉ डामनलाल तन्मय श्री संत मेडिकल स्टोर सतमरा, गोपी राम साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज एवं परिक्षेत्रीय संगठन मंत्री माहूद भोज राम साहू, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सतमरा डॉ परमेश्वर जेठमल, सतमरा भूषण लाल साहू बिल्डिंग ठेकेदार, भूषण लाल केतकी





सतमरा, परमेश्वर हिरवानी मोहारा के कर कमलो से समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भगवान श्री राम के तेल चित्रों पर माल्यार्पण कर तिलक वंदन किया गया । तत्पश्चात अतिथियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने सबसे पहले ग्राम सतमरा के समस्त वरिष्ठ जनों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया जो इतना अच्छा आयोजन किए और ग्राम के सरपंच को भी बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और कहा हम अपने ग्राम में इतना अच्छा-अच्छा कार्यक्रम करते हैं लेकिन उसकी अच्छाई को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें तब हमारा जिंदगी सार्थक है। युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया और यहां के पालकों को अपने अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने कहा। अन्य अतिथियों ने भी रामचरितमानस श्री रामचंद्र भगवान की जीवनी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया इस अवसर पर सोनऊ राम साहू सरपंच ग्राम पंचायत सतमरा, चमपेश्वर सिंह राजपूत प्रांतीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मानस संगठन, शारदा दास मानिकपुरी जिला अध्यक्ष धमतरी छत्तीसगढ़ प्रदेश मानक संगठन, मनमोहन साहू वरिष्ठ सलाहकार छत्तीसगढ़ मानस संगठन, गंगाधर साहू जिला अध्यक्ष बालोद छत्तीसगढ़ प्रदेश मानस संगठन, दिनेश्वर गंगबेर जिला कोषाध्यक्ष बालोद छत्तीसगढ़ प्रदेश मानस संगठन, भोज राम साहू ग्राम जेवरतला जिला सदस्य छत्तीसगढ़ प्रदेश मानस संगठन, सुश्री सिमरन सरपंच ग्राम पंचायत पसौद, कुमुदिनी दामन लाल साहू सरपंच ग्राम पंचायत बैलोदी, कुमुदनी जितेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत भुसरेगा डोमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत सीयनमरा, अजय निषाद पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत तमोरा के आतिथ्य में कार्यक्रम का आभार सोनाउराम सन्नी साहू सरपंच ग्राम पंचायत सतमरा ने किया

# कौशल पथ, नई राह, नया हुनर के अन्तर्गत नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियो को दिया गया प्रशिक्षण

**डीबी डिजिटल मीडिया अर्जुंदा**

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दल्लीराजहरा में संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, नवा रायपुर के निर्देशानुसार नव कौशल पथ नई राह नया हुनर के अन्तर्गत सर्वप्रथम नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों, प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों का संस्था परिवार ने स्वागत किया। परम्परा के अनुरूप भारत माता एवं सरस्वती देवी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। प्राचार्य, प्रशिक्षण अधीक्षक, प्रशिक्षण अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपना व्यक्तिगत परिचय दिया । उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों का परिचय प्राप्त किया गया। राज्य में संचालित प्रशिक्षण संस्थाओं की जानकारी क्राफ्ट्समेन ट्रेनिंग स्कीम की जानकारी (प्रशिक्षणार्थियों से संबंधित नियम सहित) साझा की गई । अप्रेंटिसशिप एक्ट/एनएपीएस की जानकारी, परीक्षा एवं सीबीटी की जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण अधिकारियों के माध्यम से दी गई। आईटीआई उत्तीर्ण होने के उपरान्त डिप्लोमा पाठ्यक्रम में लेट्रल एन्ट्री और राज्य की संस्थाओं में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। व्हीटीपी. एलडब्ल्यूई, पीपीपी, आईएमसी की जानकारी दी गई। प्राचार्य द्वारा उपरोक्त सभी विषयों पर समीक्षक जानकारियां भी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई। पहले दिन के कार्यक्रमों को मार्गदर्शक बनाते हुए. हर्ष उल्लास भरे वातावरण में सम्पन्न किया गया। सर्वप्रथम नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों, प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों का संस्था परिवार ने द्वितीय दिवस में भी स्वागत किया।





परम्परा के अनुरूप भारत माता एवं सरस्वती देवी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया । प्रशिक्षण उपरांत संभावनाओं के संबंध में राजेश घोड़ेश्वर, शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक दल्लीराजहरा द्वारा संस्था में उपस्थित होकर प्रशिक्षणार्थियों को मार्ग दर्शन प्रदान किया गया । प्रशिक्षण सफलता पूर्वक उत्तीर्ण करने पर स्वरोजगार की अपार संभावनाएं एवं इस संबंध में बैंक द्वारा लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की विस्तृत जानकारी श्री अनमोल श्रीवास्तव, फिल्ड आफिसर, भारतीय स्टेट बैंक शाखा, दल्लीराजहरा द्वारा दी गई। पूर्व प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सफलता की कहानी के अन्तर्गत उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों ने प्रवेशितों से अनुभव साझा किए। इंटरेक्शन विथ एलूमिनी के तहत भी नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के महत्व एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढने में भी सहायक और कम्पनियों में रोजगार के अवसर होने संबंधी प्रेरणास्पद वक्तव्य दिए गए। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य ने नव कौशल नई राह नया हुनर कार्यक्रम की सार्थकता पर उद्बोधन दिया। प्रशिक्षण अधीक्षक एवं सभी प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा क्रमशः कौशल विकास, आईटीआई प्रशिक्षण की महत्ता, अनुशासित होकर विकास की राह में आगे बढ़ने हेतु अपने-अपने विचारों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन प्रशिक्षणार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत, भजन और संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रस्तुतिकरण के साथ किया गया।

संपादकः **माधुरी दीपक यादव**, सलाहकार संपादक-**यशवंत पुरी गोस्वामी**, उप संपादक- **मधू दीपक देवदास**,वेब मीडिया dailybalodnews.com, प्रिंट मीडिया पार्टनर- प्रदेश सत्ता ,संपादक - **मुनेंद्र यादव**